हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

11 महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत आज भी समानता...



11 रतिया में विकास की रफ्तार तेज पांच करोड़...



खबर संक्षेप

हैरोइन बरामदगी मामले में वांछित सप्लायर काबू

चौपटा। नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने हैरोइन बरामदगी मामले में वांछित सप्लायर को बस स्टेंड नाथूसरी चौपटा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कपिल निवासी गांव शक्कर मंदौरी,जिला सिरसा के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी ने बताया कि बीती 04 अगस्त 2026 को एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की टीम ने सिरसा क्षेत्र में एक युवक को 8 ग्राम 730 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह हैरोइन गांव शक्करमंदौरी निवासी कपिल से खरीदी थी।

मारपीट पुलिस ने आरोपी वीरपाल को किया काबू

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करने तथा उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी वीर सिंह उर्फ वीरपाल निवासी आदर्श कालोनी, फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आदर्श कालोनी निवासी दीपू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 13 सितंबर की रात वह दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान डाक्टर सतपाल की दुकान के पास कुछ व्यक्ति एक युवक के साथ झगड़ा कर रहे थे। जब पीड़ित दीपू ने नागरिक फर्ज निभाते हुए बीच-बचाव कर उन्हें झगड़ा करने से रोका, तो आरोपियों ने रंजिश रखते हुए उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए गंभीर चोटें पहुंचाईं।

फतेहाबाद में 400 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर, रतिया के 300 कर्मचारियों ने छोड़ा काम

टोहाना में बिजली गुल, पानी के लिए तरसे लोग फतेहाबाद में हड़ताल के बावजूद सप्लाई सामान्य

भट्टू में सरकार का पुतला फूंका प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

बिजली वितरण का लाइसेंस निजी कंपनी को देने के विरोध में बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल का असर पहले दिन जिले में अलग-अलग नजर आया। टोहाना में बुधवार देर रात से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को सुबह तक बिजली का इंतजार करना पड़ा। इनवर्टर बंद होने के साथ घरों में पानी की टंकियां खाली हो गई और दुकानदारों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। दूसरी ओर, फतेहाबाद शहर में हड़ताल के बावजूद बिजली आपूर्ति सामान्य रही। रतिया में करीब 300 कर्मचारी हड़ताल पर रहे, लेकिन पहले दिन बिजली सप्लाई सुचारू रही। भट्टूकलां में कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल के कारण तकनीकी खराबी आने पर व्यवस्था संभालने को लेकर चिंता बनी हुई है। फतेहाबाद डिवीजन में बिजली निगम के 400 से अधिक कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने की सूचना है जबकि रतिया में करीब 300 कर्मचारियों के हड़ताल पर रहे। जिला प्रशासन ने बिजली सप्लाई सामान्य करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जिसमें तीन शिफ्टों में कर्मचारी तैनात रहेंगे।



फतेहाबाद। बिजली निगम कार्यालय में धरना देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

एसडीओ, जेई, लाइनमैन आदि कर्मचारी शामिल



रतिया। यहां बिजली निगम के करीब 300 अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। इनमें एसडीओ, जेई, लाइनमैन सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी शामिल बताए गए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर के साथ करीब 75 गांवों में बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी, लेकिन पहले दिन आपूर्ति सामान्य रही। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि तकनीकी खराबी आने पर उसे ठीक करने में परेशानी हो सकती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा बना रहेगा।

कहीं बिजली गुल, कहीं सामान्य रही सप्लाई

टोहाना। हड़ताल का सबसे स्पष्ट असर टोहाना में देखने को मिला। बुधवार देर रात 11 बजे से बिजली बाधित रहने के कारण लोगों को वीरवार सुबह तक परेशानी झेलनी पड़ी। घरों के इनवर्टर जवाब दे गए और बिजली से चलने वाली पानी की मोटरें बंद रहने के कारण टंकियां नहीं भर सकीं। इससे घरेलू कामकाज, दुकानों और छोटे कारोबार पर असर पड़ा। आज हड़ताल का पहला दिन था। अगले दो दिन तक इसके व्यापक असर की संभावना है। दरअसल वीरवार को तो लोगों के घर पानी का स्टोरेज था जो अगले दिन तक नहीं रहेगा। ऐसे में लोगों के लिए पानी की व्यवस्था करना एक चुनौती होगा।



भट्टूकलां। एसडीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

कामकाज छोड़ धरने पर बैठे कर्मचारी

भट्टूकलां। कर्मचारियों ने एसडीओ कार्यालय के सामने कामकाज छोड़कर धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान निजीकरण के फैसले के विरोध में सरकार का पुतला फूंका गया। आंदोलन को किसान संगठनों, सरपंच एसोसिएशन, पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन और स्थानीय लोगों का समर्थन मिला। हड़ताल के मद्देनजर जिला प्रशासन ने बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों की निगरानी के लिए उपायुक्त कार्यालय के प्रथम तल पर कमरा नंबर 45 में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। इसका हेल्पलाइन नंबर 01667-230018 जारी किया गया है। कंट्रोल रूम में 22 से 24 अक्टूबर तक तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पहली शिफ्ट सुबह 5 से दोपहर 1 बजे तक, दूसरी दोपहर 1 से रात 9 बजे तक और तीसरी रात 9 बजे से अगले दिन सुबह 5 बजे तक निर्धारित है। सुरेश कुमार सरदाना को कंट्रोल रूम का ओवरऑल इंचार्ज बनाया गया है। इसका उद्देश्य बिजली संबंधी शिकायतों पर नजर रखना और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, जिला मजिस्ट्रेट डॉ. विवेक भारती ने बिजली निगम कार्यालयों और अन्य सरकारी परिसरों के 200 मीटर के दायरे में धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी और अन्य अवरोधक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है।

कच्चे कर्मचारियों से काम लेना शुरू किया

फतेहाबाद। शहर में हड़ताल के पहले दिन बिजली आपूर्ति सामान्य रही। फतेहाबाद डिवीजन में 400 से अधिक कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बावजूद बिजली से जुड़ी कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई। कर्मचारियों ने बिजली घर परिसर में प्रदर्शन किया। सप्लाई सामान्य रहने के बावजूद तकनीकी खराबी आने पर उसे दूर करने की चुनौती बनी रह सकती है। हालांकि सुबह हुडा सेक्टर व डीएसपी रोड पर थोड़ी देर के लिए बिजली गायब रही लेकिन कुछ देर बाद बिजली सप्लाई सुचारू हो गई। बता रहे हैं कि प्रशासन ने आईटीआई इत्यादि व कच्चे कर्मचारियों से काम लेना शुरू कर दिया है।



तीन दिवसीय हड़ताल से आमजन बेहाल

सिरसा। बिजली कर्मियों की तीन दिवसीय हड़ताल ने आमजन से लेकर सरकारी कामकाज तक को प्रभावित कर दिया। आधी रात से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण शहर और आसपास के कई इलाकों में ब्लैकआउट स्थिति बन गई। बिजली के करीब 40 फीडर बंद होने और 33 केवी की लाइनों में ब्रेकडाउन के चलते बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। बिजली संकट का सीधा असर उद्योग-धंधों, पेयजल आपूर्ति और सरकारी कार्यालयों के कामकाज पर पड़ा। शहर के कई क्षेत्रों में सुबह से ही गुल हुई बिजली आपूर्ति करीब 5 बजे बहाल हुई जिसके बाद आमजन ने राहत की सांस ली। जिला मुख्यालय के अलावा कालांवाली, ऐलनाबाद, डबवाली, रानियां, डिंग, नाथुसरी चौपटा में भी हड़ताल के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही।

रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन ने किया बिजली निजीकरण का विरोध



फतेहाबाद। हरियाणा में बिजली वितरण के निजीकरण के फैसलों और नीतियों के खिलाफ अब सेवानिवृत्त कर्मचारियों में भी गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को भारी संख्या में पूर्व कर्मचारी फतेहाबाद के लाल बत्ती चौक स्थित आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। यहां से रोष प्रदर्शन करते हुए वे नारेबाजी करते हुए भट्टू रोड स्थित बिजली घर पहुंचे और वहां चल रही बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय क्रमिक हड़ताल व धरने का खुलकर समर्थन किया। इस रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान मुंशीराम कंबोज ने की, जबकि मंच का संचालन सचिव सुभाष चंद्र चौहान द्वारा किया गया।





पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *



पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल

पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



एआई इमेज

टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



एआई इमेज

पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सान्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

पेंशनधारक 2 से जमा कराएं जीवन प्रमाण पत्र

फतेहाबाद। प्रदेश सरकार की हिदायतानुसार जिले के खजाना और उप खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनधारकों को 2 नवंबर से संबंधित खजाना कार्यालय व उप खजाना कार्यालय में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य है ताकि नवंबर की पेंशन समय पर वितरित की जा सके। जिला कोषाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि ए से ई अक्षर के नाम वाले पेंशन धारक 2 नवंबर से 10 नवंबर तक, एफ से जे नाम वाले पेंशन धारक 11 से 15 नवंबर तक, के से ओ नाम वाले पेंशन धारक 16 से 20 नवंबर तक और पी से जेड नाम वाले पेंशन धारक 21 से 25 नवंबर तक अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं।

1550 रुपये की सट्टाराशि सहित आरोपी काबू

ऐलनाबाद। ऐलनाबाद थाना पुलिस गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ममेरां रोड ऐलनाबाद क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने वाले एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 1550 रुपए की सट्टा राशि बरामद की। ऐलनाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान ममेरां रोड ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि एक व्यक्ति सार्वजनिक जगह पर सरेआम नंबरों पर पैसे लगवाकर सट्टा खाईवाली कर रहा है।

5.68 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। थाना जाखल पुलिस ने हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। म्योंद पुल पुलिस चौकी की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बंसी लाल पुत्र फौजी राम निवासी गांव म्योद कलां को 5.68 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक करनैल सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस टीम म्योद खुर्द से चुहड़पुर रोड पर गश्त एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए मौजूद थी। इसी दौरान रगोई नाले के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह झाड़ियों में छिपने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक पारदर्शी पाउच में 5.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

श्री श्याम संकीर्तन 24 को श्री रघुनाथ मंदिर में

फतेहाबाद। श्री सांवरिया परिवार की ओर से चौथा विशाल श्री श्याम संकीर्तन 24 अक्तूबर शनिवार को भीमा बस्ती स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य जोनी चोपड़ा ने बताया कि यह भव्य श्री श्याम संकीर्तन रात्रि 8:30 बजे से हरिइच्छा तक जारी रहेगा। इस संकीर्तन में भव्य दरबार सजाया जाएगा और श्री श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संकीर्तन में पिहोवा से जतिन जिंदल, ख्वाहिश कपूर, करण रसिया, नक्श मुटरेजा आदि कलाकार सुरताल म्यूजिकल ग्रुप के साथ बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे तथा मंच संचालन राजकुमार मदान करेंगे।

बिजली कर्मियों की हड़ताल सरकार की उदासीनता

सिरसा। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का समानानंतर लाइसेंस देने के मामले में राज्य सरकार को टारगेट करते हुए कहा कि यदि समय रहते राज्य सरकार हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के फैसले के खिलाफ स्टे लेती तो इस प्रदेश स्तरीय हड़ताल को टाला जा सकता था। अजय चौटाला ने वीरवार को जारी बयान में कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही और उदासीनता के चलते ही बिजली कर्मचारी हड़ताल पर बाध्य हुए हैं और जेजेपी उनकी मांगों का समर्थन करती है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि सरकार को कर्मचारी यूनियन से तुरंत वार्ता कर इस हड़ताल को खत्म करवाना चाहिए।

भट्टू में अग्रसेन चौक के निर्माण के लिए 11 लाख देने की घोषणा

महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत आज भी समानता के प्रेरणास्रोत : विपुल गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां



भट्टूकलां। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल। फोटो : हरिभूमि

भट्टू कलां में अग्रवाल सभा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। समारोह में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से पहुंचे अग्र समाज के लोगों ने भाग लेकर सामाजिक एकता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श आज भी समाज को समानता, भाईचारे और सेवा की प्रेरणा देते हैं। उनका 'एक रुपया और एक ईंट' का सिद्धांत सामाजिक सहयोग और परस्पर सहायता की अनूठी मिसाल है। महाराजा अग्रसेन ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और सहयोग देने का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज ने व्यापार, उद्योग, आर्थिक विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के कार्यों में भी समाज की भूमिका सराहनीय रही है। कैबिनेट मंत्री ने समारोह में मौजूद समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे महाराजा अग्रसेन की जीवन व शिक्षाओं से आने वाले वाली पीढ़ियों को अवगत करवाने के उद्देश्य से भट्टू में महाराजा अग्रसेन चौक का निर्माण करवाया जाए। इस चौक के निर्माण के लिए उन्होंने अपने स्वेच्छिक कोष कोटे से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

अग्रवाल सभा के प्रधान ब्रह्मानंद गोयल और सतीश गोयल ने मुख्य अतिथि एवं समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन और उनके आदर्श समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सुनील सिंगला ने अग्रवाल सभा की ओर से वर्षभर में करवाए गए जनहित के कार्यों और गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। कैबिनेट मंत्री कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रत्येक स्कूल को 21 हजार रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। बच्चों ने नाटक और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदेश प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल सभा की ओर से मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को भी स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधान ब्रह्मानंद गोयल, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य सतीश गोयल, कोलकाता से प्रभात मित्तल, हिसार से संजय डालमिया, आदमपुर से घीसा राम जैन, दीपक बंसल, तरसेम, सतीश गोयल, फतेहाबाद से रामनिवास, भारत भूषण, सुरेंद्र मित्तल, सुनील सिंगला, संजय सिंगला, विनय बंसल, नरेश गर्ग, व्यापार मंडल प्रधान प्रमोद गोयल, गोबिंद गोयल, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय सिंगला, हनुमान मंदिर कमेटी से संजय सिंगला, सुनील सिंगला, गोपाल बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कोर्ट परिसर में पार्किंग की जगह बदहाल

रास्ते जर्जर, ट्रांसफॉर्मर से भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला कोर्ट परिसर में पार्किंग की अव्यवस्था, जर्जर रास्तों और चैंबर बिल्डिंग के पास लगे ट्रांसफॉर्मर का मुद्दा उठाया गया है।

जिला बार एसोसिएशन ने वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों और कोर्ट में आने वाले वादकारियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती को तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। एसोसिएशन ने खाली जगहों को व्यवस्थित पार्किंग स्थल के रूप में विकसित करने, बदहाल रास्तों का निर्माण जल्द शुरू करवाने और खतरे का कारण बन रहे ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सुभाष जांगू के नेतृत्व में सचिव शाहनवाज भट्टी, पूर्व प्रधान राजेंद्र कुकरेजा, विकास गढ़वाल और चंद्रमोहन के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर इन समस्याओं से अवगत करवाया।

न्यूज डायरी

महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन 5 नवंबर तक

सिरसा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026-2027 के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों में सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी पुरस्कार, सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार और महिला उद्यमी पुरस्कार शामिल हैं।

जिले में 83,887 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

सिरसा। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कुल 83,887 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 27,925 मीट्रिक टन, हैफेड ने 40,944 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 15,018 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। खरीद के साथ-साथ मंडियों से धान का उठान भी जारी है। अब तक कुल 42,616 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि जिले में धान खरीद से अब तक कुल 10,406 किसान लाभान्वित हुए हैं। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के माध्यम से 3,397, हैफेड के माध्यम से 5,474 तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के माध्यम से 1,535 किसान लाभान्वित हुए हैं।

गलत बीज से किसान को 30% फसल का नुकसान

रतिया। गांव चंदो कलां के पीड़ित किसान दरबारा सिंह को कथित रूप से गलत बीज बेचकर धोखाधड़ी करने, फसल का नुकसान होने और बाद में दुव्यवहार करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बीज विक्रेता द्वारा दिए गए गलत बीज के कारण किसान की 2 एकड़ फसल में 30 प्रतिशत का भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान को गहरा आर्थिक झटका लगा है। इस मामले में अब भारतीय किसान यूनियन, एकता उग्राहां ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार तक समाधान न होने पर दुकान के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। यूनियन के जिला प्रधान निर्भय रतिया ने बताया कि पीड़ित किसान दरबारा सिंह ने मामले की लिखित शिकायत कृषि विभाग को दी थी।

1.68 करोड़ की धोखाधड़ी में एक आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े 1.68 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में डबवाली की आर्थिक अपराध शाखा ने कार्रवाई करते हुए गांव पंजुआना निवासी सुभाष चंद्र नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि दो अन्य आरोपी धर्मबीर व धर्मपाल फरार हैं। मामला गांव जोतांवाली की 45 एकड़ जमीन के सौदे से जुड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता गांव डाबडा, हिसार निवासी अनिल पुत्र रामकुमार ने आरोप लगाया कि उसकी अपने गांव की जमीन बेचकर डबवाली में खेतीबाड़ी के लिए जमीन खरीदने की योजना थी। इसी दौरान मार्च 2025 में उसकी मुलाकात पंजुआना निवासी सुभाष व धर्मपाल तथा धर्मबीर से हुई।

तय मजदूरी नहीं मिलने पर मजदूरों ने जताया रोष

कालांवाली। कालांवाली की अतिरिक्त अनाज मंडी में मजदूरों ने सरकार द्वारा तय मजदूरी नही मिलने के चलते वीरवार को अपना काम काज बंद रखा और विरोध प्रदर्शन किया। मजदूर यूनियन के प्रधान प्रदीप खन्ना, सुखदेव डाबला, रवि कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार, विक्रम कुमार आदि ने कहा कि मंडी में कई वर्षों से अधिकारियों की मिलीभगत के चलते धान की सीधी खरीद की जाती है। मंडी में धान खाली-भरी ट्राली के माध्यम से उतारा जाता है। धान की न तो पूरी तरह से साफ-सफाई की जाती है और न ही तुलाई की जाती है। उन्होंने बताया कि मजदूरों का साल में दो-तीन माह काम का सीजन होता है। इस समय में भी बाहर से लेबर बुलाकर काम लिया जाता है। जोकि मजदूर वर्ग के साथ अन्याय है।

श्री राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला संपन्न

सिरसा। श्री विष्णु क्लब में चल रही भव्य रामलीला के अंतिम दिन मंच पर रावण वध के बाद के उन पावन और प्रेरणादायी प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्लब के प्रधान दीपक सेठी ने बताया कि लंका पर विजय प्राप्ति के पश्चात धर्म और सत्य के प्रतीक विभीषण का लंका नरेश के रूप में राजतिलक किया गया। इसके साथ ही माता सीता की पवित्रता साबित करने वाली अग्नि परीक्षा के भावुक प्रसंग ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। 14 वर्ष का वनवास पूरा कर प्रभु श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता का अयोध्या आगमन हुआ, जहां भाई भरत और अयोध्यावासियों ने उनका आंसुओं और फूलों से भव्य स्वागत किया।

सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेश भिवाल बने संगठन प्रभारी

सिरसा। अखिल भारतीय खटीक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उज्जैन के भाजपा सांसद अनिल फिरोजिया ने गुरुवार को सिरसा निवासी व सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेश भिवाल को संगठन के राष्ट्रीय महासचिव व हरियाणा प्रदेश संगठन प्रभारी का दोहरा दायित्व सौंपा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल फिरोजिया ने उन्हें नियुक्ति देते हुए कहा कि उनका सामाजिक जीवन व खटीक समाज के उत्थान के लिए किए गए संघर्ष के दृष्टिगत उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति के साथ ही राजेश भिवाल को आगामी 25 अक्टूबर को पानीपत में होने वाले खटीक गर्जना सम्मेलन के लिए भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे।

कागजों में किए गली निर्माण के मामले में कार्रवाई न होने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कागजों में गली निर्माण के मामले में जांच कमेटी की रिपोर्ट सौंपे जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि जांच कमेटी द्वारा उपायुक्त को रिपोर्ट सौंपे हुए करीब एक माह होने को है, लेकिन अभी तक इस मामले में किसी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में आ गई है। शर्मा ने कहा कि न ग र परिषद से जुड़े गली निर्माण के मामले में सरकारी रिकॉर्ड और मौके की स्थिति में अंतर सामने आया है। उन्होंने कहा कि जांच कमेटी स्वयं यह स्वीकार कर चुकी है कि सरकारी रिकॉर्ड में जितनी गलियों का निर्माण दर्शाया गया है, उतनी गलियां वास्तव में मौके पर बनी ही नहीं हैं। ऐसे में यह स्पष्ट होता है कि निर्माण कार्य में घपला हुआ है।

अधिकारियों व ठेकेदार की मिलीभगत के आरोप

उन्होंने कहा कि नगर परिषद के भ्रष्ट अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार की मिलीभगत से कथित तौर पर बड़े घोटाले को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब जांच कमेटी ने मामले की जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी थी, तो उसके बाद प्रशासन को त्वरित प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए थी। शर्मा ने प्रशासन से मांग की कि जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए और इसमें जिम्मेदार पाए गए अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेकेदारों के नाम भी सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में सरकारी धन और विकास कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता करने से पहले लोग कई बार सोचें।

17 दिन से लापता 40 वर्षीय महिला सकुशल बरामद, परिवार में लौटी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने महिला को उसके परिजनों के हवाले कर दिया

थाना सदर टोहाना के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी की टीम सराहनीय कार्रवाई करते हुए गांव जापतेवाला से लापता हुई 40 वर्षीय महिला हरदीप कौर को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला को उसके परिजनों के हवाले कर दिया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव जापतेवाला निवासी जरनैल सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी हरदीप कौर 5 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई थीं। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास के तमाम संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद हारकर परिजनों ने पुलिस से संपर्क कर महिला की तलाश करने का अनुरोध किया था। परिजनों की शिकायत के आधार पर थाना सदर टोहाना में 10 अक्टूबर को मामला दर्ज कर महिला की तलाश के लिए विशेष प्रयास शुरू किए गए थे। आखिरकार 22 अक्टूबर को लापता महिला हरदीप कौर को सकुशल ढूंढ निकाला।

ट्रक ट्राले से लाखों का डोडा चूरापोस्त बरामद, चालक गिरफ्तार



ऐलनाबाद। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने रामपुरा रोड पर गांव नीमला के पास नाकाबंदी के दौरान ट्रक-ट्राला सवार एक युवक को लाखों रूपए का 35 किलो 730 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंकज कुमार निवासी गांव वैदवाला, जिला सिरसा के रूप में हुई है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्त और जांच अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सीआईए टीम गांव नीमला के पास रामपुरा रोड पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक ट्रक-ट्राला आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने चालक को रुकने का इशारा किया तो उसने वाहन भगाने का प्रयास किया। पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक-ट्राला सवार युवक को मौके पर ही काबू कर लिया। इसके बाद राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक के केबिन में रखे दो प्लास्टिक के कट्टों से कुल 35 किलो 730 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना ऐलनाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए थाना ऐलनाबाद पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस अब मामले में आगे की जांच कर रही है।

प्रदेश में 25-26 अक्टूबर को बदलेगा मौसम का मिजाज

गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार, दिन में गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा में अगले दो दिन मौसम खुश्क रहने के बाद 25 और 26 अक्टूबर को मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव और हवाओं की दिशा बदलने से प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि, 26 अक्टूबर के बाद मौसम के फिर से आमतौर पर खुश्क रहने का अनुमान है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट आने से मौसम में ठंडक बढ़ेगी, जबकि सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस होगी। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग ने 22 अक्टूबर को जारी मौसम पूर्वानुमान में यह जानकारी दी है। विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, प्रदेश में 24 अक्टूबर तक मौसम सामान्य रूप से खुश्क रहने की संभावना है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से मौसम की परिस्थितियों में बदलाव हो सकता है।

24 की रात से बदलेगी हवाओं की दिशा

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 24 अक्टूबर की देर रात से हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी से बदलकर उत्तर-पूर्वी होने की संभावना है। हवाओं की दिशा में इस बदलाव के साथ 25 और 26 अक्टूबर को प्रदेश में मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रह सकता है। इस दौरान कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी या बारिश हो सकती है। हालांकि, पूरे प्रदेश में बारिश होने की संभावना नहीं जताई गई है और न ही भारी बारिश का संकेत दिया गया है।

कृषि मौसम विज्ञान विभाग ने यह पूर्वानुमान प्रदेश के मौसम की सामान्य परिस्थितियों के आधार पर जारी किया है। किसानों और आम लोगों को स्थानीय मौसम की परिस्थितियों पर नजर रखने की सलाह दी जाती है, विशेषकर 25 और 26 अक्टूबर को संभावित बूंदाबांदी या हल्की बारिश के दौरान।

- डॉ. मदन खीचड़,
विभागाध्यक्ष, एचएयू मौसम विज्ञान विभाग

नपा बैठक में पार्षदों ने मांगा 4 साल का हिसाब, संजय गांधी चौक पर लगेगा म्यूजिकल फाउंटेन

6 महीने में काम शुरू न करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्ट

रतिया में विकास की रफ्तार तेज, पांच करोड़ रुपये के कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



रतिया। मीटिंग में मौजूद विधायक जरनैल सिंह प्रधान प्रीति खन्ना व अन्य अधिकारी।

शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए करीब 5 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी मिल गई है। नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष प्रीति खन्ना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान यह निर्णय लिए गए, जिसमें मुख्य रूप से हल्का विधायक जरनैल सिंह और एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की।

बैठक में शहर के समग्र विकास से जुड़े कई प्रस्तावों और विकास कार्यों पर मुहर लगाई गई। बैठक में सबसे बड़ा और सख्त फैसला लापरवाह ठेकेदारों को लेकर लिया गया है। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि यदि टेंडर जारी होने के छह महीने के भीतर ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू नहीं किया जाता है, तो उसे तुरंत प्रभाव से डी-बार यानि ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने संज्ञान लिया कि अक्सर टेंडर अलॉट होने के बावजूद ठेकेदार महीनों तक काम शुरू नहीं करते, जिससे जनता को असुविधा होती है और विकास कार्य लटक जाते हैं। एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत प्रस्तावों पर अगले एक महीने के भीतर जमीनी स्तर पर काम शुरू होना चाहिए, जिसकी दैनिक रिपोर्ट वे स्वयं लेंगे। वहीं, विधायक जरनैल सिंह ने चेतावनी दी कि विकास कार्यों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों की कार्यप्रणाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी।

पांच करोड़ के इन विकास कार्यों पर लगी मुहर

नगर पालिका अधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि बैठक में शहर की सूरत बदलने वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि शहर के संजय गांधी चौक का सौंदर्यीकरण किया जाए। चौक को आकर्षक रूप देने के लिए करीब 32 लाख रुपये की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन लगाया जाएगा। इसके अलावा कम्युनिटी सेंटर में लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक अटल बिहारी वाजपेयी बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम का निर्माण होगा, जिससे युवाओं को खेलकूद के बेहतर अवसर मिलेंगे। शहर में सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए खतरनाक मोड़ों पर 6 ईगल आई राउंड रोड कॉन्वेक्स मिरर और प्रमुख चौकों पर सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। जाखन दादी खेल स्टेडियम के लिए रास्ता सुगम बनाने, नपा कार्यालय के लिए इन्वर्टर-बैटरी तथा इलेक्ट्रीशियन के लिए सीढ़ी की खरीद को भी स्वीकृति दी गई है।

पार्षदों ने मांगा चार साल का हिसाब, पारदर्शिता पर जोर

बैठक के दौरान पार्षदों ने विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग उठाई। पार्षदों ने वर्ष 2022 से अब तक स्वीकृत नक्शों, शहर की सफाई व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन प्लांट, गलियों के निर्माण कार्य तथा एक अप्रैल 2022 से 16 सितंबर 2026 तक जारी, रद्द व लंबित पड़े सभी टेंडरों का विस्तृत ब्योरा मांगा है। इसके अलावा, गत 2 सितंबर 2026 को हुई बैठक के प्रस्तावों पर अब तक हुई प्रगति की रिपोर्ट एक महीने के भीतर उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि विकास कार्यों में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

सड़क के बीच पाइप-जंजीर लगाने का विरोध

दुकानदारों के हंगामे के बाद रुका काम डीसी से मिलेंगे व्यापार मंडल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के व्यस्त इलाकों थाना रोड और धर्मशाला रोड पर सडक़ के बीचों-बीच लोहे के पाइप गाडक़र जंजीर बांधने की नगर परिषद की योजना का स्थानीय दुकानदारों ने कड़ा विरोध किया है। व्यापारियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक नारंग की आपत्ति के बाद फिलहाल इस कार्य को रुकवा दिया गया है। व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया है कि वे इस मनमानी व्यवस्था के खिलाफ जिला उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यातायात पुलिस की सिफारिश पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा थाना रोड और धर्मशाला रोड पर यातायात को नियंत्रित करने और वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने की योजना बनाई गई थी।

बढ़ेगी जाम की स्थिति ग्राहकों को होगी परेशानी

सडक़ के बीचों-बीच पक्के पाइप और जंजीर लगाने की खबर मिलते ही दुकानदार एकजुट हो गए और इसका विरोध शुरू कर दिया। दुकानदारों का तर्क है कि इस तरह की बेडियों जैसी व्यवस्था से वाहनों की आवाजाही सुगम होने के बजाय पूरी तरह बाधित होगी। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों और व्यापारियों के वाहन खड़े करने या सामान की लोडिंग-अनलोडिंग में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक नारंग तुरंत मौके पर पहुंचे और दुकानदारों की आपत्तियों को सुनते हुए काम को बंद करवा दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी शहरहित या यातायात सुधार की योजना को लागू करने से पहले उसके व्यावहारिक पहलुओं और व्यापारियों पर पडने वाले प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए था।

खबर संक्षेप

अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं

सिरसा। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, एसडीएम राजेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिले में आयोजित समाधान शिविरों में कंल 23 शिकायतें प्राप्त हुई।

गतका चैंपियनशिप में जीते रजत पदक

रतिया। कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब द्वारा संचालित अकाल अकादमी सनियाना के दो विद्यार्थियों ने 10वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम डेमो इवेंट में रजत पदक जीतकर विद्यालय, अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चैम्पियनशिप में निरवैर सिंह ने अंडर-11 टीम डेमो इवेंट में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता, वहीं अंशप्रीत सिंह ने अंडर-17 टीम डेमो इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

सीटेट पास को मासिक भत्ता देना सराहनीय

सिरसा। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने सी-टेट पास युवाओं को सरकार की ओर से 9,000 रुपये मासिक देने की योजना युवाओं को आर्थिक संबल देने की दिशा में सरकार का सराहनीय कदम है। जारी बयान में रातुसरिया ने कहा कि आज के समय में शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना बेहद जरूरी है। रातुसरिया ने कहा कि शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवाओं को अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार पाने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

सट्टा खाईवाली कर रहा आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया पुलिस टीम ने आरोपी रमेश सिंह पुत्र बीर सिंह निवासी गांव लोहाखेड़ा को को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की जेब से 540 रुपये की नकदी बरामद की गई, जिसमें पुलिस द्वारा ग्राहक बनाकर भेजे गए कर्मचारी को दिया गया 50 रुपये का चिह्नित नोट भी शामिल था।

नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी में आया उजाला

रतिया। भारत विकास परिषद शाखा रतिया द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में स्वर्गीय कांता देवी मंगला की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्व. कांता देवी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। 14 अक्टूबर को हुए उनके निधन के उपरांत परिजनों द्वारा कराए गए नेत्रदान से दो जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन में नया सवेरा आया है, जिसकी चारों ओर सराहना हो रही है।

अतिथि अध्यापकों ने शुरू की न्याय यात्रा

सिरसा। अतिथि अध्यापकों के अधिकारों, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा की मांग को लेकर अतिथि अध्यापक संघर्ष मोर्चा हरियाणा ने सिरसा से न्याय यात्रा का शुभारंभ लघु सचिवालय सिरसा से किया गया। इस यात्रा में अध्यापकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय से बस स्टैंड शिक्षा तक पैदल मार्च भी किया यह यात्रा प्रदेशभर के अतिथि अध्यापकों को एकजुट करते हुए उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने और न्यायालयों के फैसलों को लागू करवाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष कृष्णा धारसुल के अनुसार, अतिथि अध्यापक तीन वर्षीय रेगुलेशन पॉलिसी के तहत सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के फैसलों के तहत नियमित हो चुके हैं, अब सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द गेस्ट टीचर को नियमित टीचर का दर्जा दिया जाए और 20 साल से अधिक सेवाएं दे रहे गेस्ट टीचर को मान सम्मान के साथ स्थाई नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

फतेहाबाद। जिला पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कमाना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने स्कूली बच्चों को सडक सुरक्षा के नियमों, आपातकालीन सेवाओं और डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम के दौरान थाना यातायात के सहायक उप-निरीक्षक राजेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

हंगामे के बाद एडीसी ने लिया जायजा, जांच के आदेश

शिक्षकों के बीच हाथापाई, कई छात्राओं की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

■ टोहाना के पीएम श्री कन्या स्कूल का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के टोहाना स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो शिक्षकों के बीच हुआ आपसी विवाद गंभीर रूप ले गया। स्कूल परिसर में वीरवार को शिक्षकों के बीच हुई हाथापाई और हंगामे के कारण सदमे में आई कई छात्राओं और एक अध्यापिका की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल टोहाना में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद विद्यालय के माहौल और शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिस पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। घटना की सूचना मिलते ही एडीसी अनुराग ढालिया ने एसडीएम आकाश शर्मा के साथ जिला प्रशासन की ओर से स्थिति का जायजा लिया और नागरिक अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन बच्चियों व अध्यापिका का हालचाल जाना और जांच की बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने भी अस्पताल जाकर छात्राओं से बातचीत की और मामले की जानकारी ली।





फतेहाबाद। टोहाना अस्पताल में बच्चियों से बातचीत करते एडीसी। व टोहाना अस्पताल में बच्चियों का हालचाल जानते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

शिक्षकों के बीच आरोप- प्रत्यारोप

इतिहास प्रवक्ता विक्रम सिंह ने आरोप लगाया कि पंजाबी शिक्षक अनूप कुमार सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान धर्म और जाति को लेकर छात्राओं को भडकाने वाली बातें कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो अनूप कुमार और उनके साथी शिक्षक प्रदीप ने उन पर हमला कर दिया। वहीं, बीच-बचाव करने आई शिक्षिका मान्यता ने आरोप लगाया कि अनूप कुमार जाति को लेकर विक्रम सिंह पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसके चलते दोनों के बीच विवाद बढ़ा। मान्यता का यह भी आरोप है कि बीच-बचाव के दौरान अनूप कुमार ने उनके चरित्र और बच्चे को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि जब एक व्यक्ति के कारण स्कूल का माहौल खराब हो रहा है तो प्रशासन को इस पर एक्शन लेना चाहिए।

आरोपों को शिक्षक ने किया खारिज

दूसरी ओर, आरोपी शिक्षक अनूप कुमार ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे उनके खिलाफ रची गई एक गहरी साजिश करार दिया है। अनूप कुमार का कहना है कि विद्यार्थियों ने पहले शिकायत की थी कि उन्हें सुबह 8 बजे ही स्कूल के गेट पर धूप में खड़ा कर दिया जाता है, जबकि शिक्षक साढ़े 8 से 9 बजे के बीच पहुंचते हैं। उन्होंने जब बच्चों की इस समस्या को उठाया, तो विद्यालय प्रशासन उनसे रंजिश रखने लगा। अनूप का दावा है कि विक्रम सिंह ने उन पर जानलेवा हमला किया और चरित्र को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां विक्रम द्वारा ही की गई थी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रशासन की सख्त कार्रवाई के निर्देश

घटना की सूचना मिलते ही एडीसी अनुराग ढालिया ने एसडीएम आकाश शर्मा के साथ जिला प्रशासन की ओर से स्थिति का जायजा लिया और नागरिक अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन बच्चियों व अध्यापिका का हालचाल जाना। एडीसी ने स्पष्ट किया कि डीसी को पूरे मामले की सूचना दे दी गई है और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। महिला शिक्षिका के स्थानांतरण, बच्चों की सुरक्षा और स्कूल के माहौल को सुधारने के लिए प्रशासन द्वारा उचित कदम उठाए जा रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अगस्त में छात्राओं की शिकायत के बाद जांच कमेटी ने सौंपी थी रिपोर्ट

बता दें कि अनूप कुमार इससे पहले भी पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की शिकायतों को लेकर विवादों में रहे हैं। अगस्त 2026 में दसवीं और ग्यारहवीं की कुछ छात्राओं ने उनके व्यवहार और कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर शिकायत की थी। उस समय एसडीएम के निरीक्षण के दौरान भी छात्राओं ने शिक्षक के व्यवहार का मुद्दा उठाया था। शिकायतों की जांच के लिए कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने शिकायतों को सही पाया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी थी। अनूप कुमार ने इन आरोपों को भी खारिज किया था। इसके बाद 20 अगस्त को अनूप कुमार ने टोहाना के आंबेडकर चौक पर आमरण अनशन शुरू किया था।



धान से अटी अनाज मण्डी

2.47 लाख टन धान पहुंचा 1.68 लाख टन की खरीद

■ टोहाना में सबसे ज्यादा 45,746 टन आवक, फतेहाबाद मंडी में सर्वाधिक 29,880 टन खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों में 21 अक्टूबर तक 2,47,323.69 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है। इसमें से सरकारी एजेंसियों ने 1,68,407 मीट्रिक टन धान खरीदा है। इस हिसाब से कुल आवक का करीब 68 प्रतिशत धान खरीदा जा चुका है। वहीं, खरीदे गए धान में से 92,376 मीट्रिक टन का उठान हुआ है और 76,031 मीट्रिक टन धान उठान के इंतजार में है। जिले में आवक और खरीद के मामले में टोहाना, फतेहाबाद और रतिया प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। टोहाना में सबसे ज्यादा 45,746.20 मीट्रिक टन धान पहुंचा, जबकि फतेहाबाद मंडी में सबसे अधिक 29,880 मीट्रिक टन सरकारी खरीद हुई। दूसरी तरफ कई केंद्रों पर अब तक धान नहीं पहुंचा, जबकि कुछ केंद्रों पर आवक होने के बावजूद सरकारी खरीद दर्ज नहीं हुई है।

टोहाना में सबसे ज्यादा आवक

जिले में कुल आवक के मामले में टोहाना 45,746.20 मीट्रिक टन के साथ पहले स्थान पर है। फतेहाबाद में 34,110.78 मीट्रिक टन और रतिया में 30,701.10 मीट्रिक टन धान पहुंचा। भूना में 21,139.87 मीट्रिक टन और गोरखपुर में 14,306.46 मीट्रिक टन आवक दर्ज की गई। सरकारी खरीद के मामले में फतेहाबाद मंडी 29,880 मीट्रिक टन के साथ सबसे आगे रही। टोहाना में 27,743 मीट्रिक टन और रतिया में 24,812 मीट्रिक टन धान खरीदा गया।

कम आवक वाले केंद्रों की स्थिति

जिले के गांव नागपुर में 3,394 मीट्रिक टन आवक के मुकाबले 2,786 मीट्रिक टन खरीद हुई। महमदकी में 3,243.40 मीट्रिक टन आवक और 1,627 मीट्रिक टन खरीद दर्ज की गई। लांबा में 3,208.80 मीट्रिक टन आवक के मुकाबले 2,756 मीट्रिक टन खरीद हुई। धांड में 3,059.50 मीट्रिक टन आवक और 1,884 मीट्रिक टन खरीद दर्ज की गई। भट्टू खुर्द में 2,855 मीट्रिक टन आवक के मुकाबले 2,798 मीट्रिक टन खरीद हुई।

राजकीय कॉलेज में एथलेटिक मीट में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ लड़कों की 10 किलोमीटर दौड़ में संदीप ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में वीरवार को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सिंह ने ट्रैक पर हरी झंडी दिखाकर किया। इस खेल स्पर्धा में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा व शारीरिक दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। एथलेटिक मीट के अंतर्गत आयोजित लंबी व मध्यम दूरी की दौड़ों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लडक़ों की 10 किलोमीटर दौड़ में संदीप ने अपनी अद्वितीय गति और स्टेमिना के दम पर 38 मिनट 40 सेकंड का समय निकालकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सोनू ने 40 मिनट 34 सेकंड के साथ द्वितीय तथा रोहित ने 40 मिनट 57 सेकंड में दौड़ पूरी कर तृतीय स्थान हासिल किया। लडक़ों की 5 किलोमीटर दौड़ में भी संदीप का दबदबा बरकरार रहा और उन्होंने 16 मिनट 43 सेकंड के शानदार समय के साथ प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया।



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

शिकायतों का तुरंत समाधान करें

फतेहाबाद। लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर में नगराधीश गौरव गुप्ता ने नागरिकों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तयसमय में शिकायतों के निपटान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

एसपी निकिता खट्टर ने की जनसुनवाई शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए

■ 47 नागरिक पहुंचे, मौके पर मिलीं 12 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास व संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा गुरूवार को थाना सदर टोहाना स्थित पुराने डीएसपी कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनी गई। जनसुनवाई के दौरान टोहाना और आसपास के क्षेत्रों से कुल 47 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर आए, जिनसे संबंधित 12 शिकायतें प्राप्त हुई। एसपी ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनीं और मौके पर मौजूद थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें और हर मामले में समयबद्ध राहत सुनिश्चित की जाए। बता दें कि टोहाना क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वीरवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक यह विशेष जनसुनवाई आयोजित की जा रही है।



फतेहाबाद। टोहाना में लोगों की शिकायतें सुनते एसपी निकिता खट्टर।

कैंटर चालक की गिरफ्तारी पर अड़े परिजन, शव लेने से किया इनकार

■ ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी के बावजूद नहीं माने परिजन

रतिया। बुढ़लाडा रोड स्थित घग्गर नदी के समीप मंगलवार देर शाम हुए सड़क हादसे में 27 वर्षीय विकास कुमार की मौत के मामले में बुधवार को नागरिक अस्पताल में परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने हादसे में शामिल कैंटर चालक की गिरफ्तारी होने तक न तो पोस्टमार्टम करवाने और न ही शव लेने से इनकार कर दिया।

परिजनों का आरोप था कि कैंटर सड़क किनारे खड़ा था और उसकी वजह से बाइक की टक्कर हुई, जिसके बाद विकास सड़क पर गिर गया तथा पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

बुधवार को पुलिस टीम पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए नागरिक अस्पताल पहुंची। इस दौरान मृतक के पिता भूप सिंह सहित मुकेश, राकेश, जसवंत, जोगिंदर और अन्य परिजनों ने पुलिस के समक्ष कैंटर को कब्जे में लेने तथा उसके चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। परिजनों ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक कैंटर चालक को गिरफ्तार नहीं किया जाता, वे पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे और शव भी नहीं लेंगे। मौके पर पहुंचे शहर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रैक्टर चालक विक्की निवासी जिला मानसा, पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है।

बच्चों की प्रतिभा की पहचान कर उन्हें उचित मंच देना प्रशासन की प्राथमिकता

■ बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला बाल कल्याण परिषद सिरसा द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन रंगोली, फन गेम्स (लडक़े एवं लड़कियां), एकल नृत्य, समूह नृत्य तथा एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगराधीश अजय सिंह ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत करते हुए प्रतिभागियों से कहा कि बच्चों को जीवन में आगे बढऩे और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली ये प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उनके सपनों को साकार करने के लिए उचित अवसर उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र सिंह मलिक भी इस मौके पर मौजूद रहे।



सिरसा। प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

लव मैरिज करने वाले युवक को थाने से गायब करने का आरोप

■ लड़की की उम्र साढ़े 19 साल बताकर एडवोकेट ने पुलिस को सौंपा था जोड़ा, परिजनों का दावा- हवालात के बाहर खून से लथपथ मिला साफा

भूना। खंड के गांव भट्टू के एक लड़का और गांव डुल्ट की लड़की के विवाह का मामला अब नया मोड़ लेता नजर आ रहा है। परिजनों के अनुसार, दोनों 4 अक्टूबर को घर से चले गए थे और 19 अक्टूबर को सिरसा के एक मंदिर में शादी कर ली। उधर, लड़की के परिजनों ने उसकी उम्र 14 वर्ष बताते हुए युवक के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज करवाया था। बुधवार को सिरसा के एक अधिवक्ता दोनों को महिला पुलिस के पास लेकर पहुंचे। इसके बाद लड़के के अचानक लापता होने की बात सामने आई है।अधिवक्ता ने लड़की की उम्र करीब साढ़े 19 वर्ष बताते हुए कहा कि दर्ज मामले में नाम को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को बातचीत के लिए वीरवार का समय दिया। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान लड़के और लड़की को पुलिस थाने में रखा गया था। लड़की को न्यायालय में बयान दर्ज करवाने की प्रक्रिया के लिए फतेहाबाद के सेफ हाउस में रखा गया था।बहन का आरोप- रात को भाई को छोड़कर गए, सुबह बताया थाने से गायबलड़के की बहन रजनी देवी ने आरोप लगाया कि वे रात को अपने भाई सनी नायक को छोड़कर गए थे।

रोडवेज कर्मचारी से मारपीट पर बिफरे साथी कर्मचारी

बस स्टैंड के दोनों गेट पर वाहन खड़े कर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

तीन दिन पूर्व रोडवेज बस के परिचालक के साथ हुई मारपीट और बुधवार को रोडवेज यूनियन के प्रधान को जान से मारने की धमकी के देने के मामले में पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से गुस्साए रोडवेज कर्मचारियों ने वीरवार सुबह रोष प्रदर्शन किया। साथ ही कर्मचारियों ने सिरसा बस स्टैंड के दोनों मुख्य गेटों पर आड़ी-तिरछी बसें खड़ी कर पूरी तरह जाम लगा दिया। गेट पर ही धरना देकर बैठे कर्मचारियों ने पुलिस व रोडवेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम के चलते यात्रियों को करीब दो घंटे तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रधान पृथ्वी चाहर ने घटना की पूरी बताया कि करीब 3 दिन पहले कुसुंभी-कंवरपुरा रूट पर चलने वाली रोडवेज बस के परिचालक नरेंद्र के साथ एक युवक का सवारी उतारने को लेकर विवाद हुआ था। इस संबंध में तुरंत संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पृथ्वी चाहर ने बताया कि घटना के बाद कंवरपुरा को जाने वाली रोडवेज बस बंद कर दी गई थी। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे रोडवेज बस को कुसुंभी रूट पर रवाना किया जा रहा था, इसी दौरान वही युवक अपने 10 से 12 युवक आए गए और केस वापस लेने की धमकी दी।



सिरसा। प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रशासन के आश्वासन के बाद खुला जाम

घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित कर्मचारियों ने वीरवार सुबह करीब 9:45 बजे बस स्टैंड के गेट जाम कर दिए। जाम की सूचना मिलते ही रोडवेज महाप्रबंधक अजय दलाल व टीएम सुधीर मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारी अपनी मांग पर अड़े रहे। डीएसपी राजेश कुमार ने कर्मचारियों से बातचीत कर 22 अक्तूबर की रात्रि 9 बजे तक आरोपियों को गिरफ्तार करने का समय मांगा। उच्च अधिकारियों के आश्वासन के बाद दोपहर 11:45 बजे जाम को खोल दिया गया।